तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 10 मई 2025



11 हमें भी भारत माता की सेवा करने का अवसर...





12 बच्चे के प्रति माता-पिता का प्रेम होता है निःस्वार्थ...




## एनएचएम के निदेशक का औचक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

# नागरिक अस्पताल में आपदा प्रबंधन तैयारियों का जायजा

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) हरियाणा के निदेशक डा. जितेंद्र कादियान ने नागरिक अस्पताल सोनीपत का औचक निरीक्षण किया। उनके इस दौरे का मुख्य उद्देश्य अस्पताल में सरकार द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को परखना और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का निरीक्षण करना रहा। उन्होंने अस्पताल की ओपीडी, आपातकालीन कक्ष, वार्ड सहित अन्य जगहों पर दौरा किया। डा. कादियान ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की योजनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या कोताही सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनएचएम में वर्तमान में चल रही विभिन्न समस्याओं पर बात करते हुए डा. कादियान ने माना कि मिशन के अंतर्गत कई कमियां हैं, जिनमें प्रमुख रूप से समय पर वेतन भुगतान और संसाधनों की कमी शामिल है। उन्होंने आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए विशेष वार्ड तैयार करने के निर्देश दिए। इस संदर्भ में उन्होंने अस्पताल कर्मचारियों के साथ एक अहम बैठक की, जिसमें उन्हें आपदा की स्थिति में अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई।



सोनीपत। ओपीडी में निरीक्षण करते एनएचएम निदेशक।

### कर्मियों व स्टाफ के साथ की बैठक, ट्रेनिंग के निर्देश

निदेशक जितेंद्र कादियान ने अस्पताल के चिकित्सकों व स्टाफ कर्मियों के साथ बैठक की। आपदा की स्थिति को देखते हुए स्टाफ की ट्रेनिंग कराने को कहा। इसके साथ सभी जरूरी दवा का स्टॉक रखने को कहा। यदि कहीं लापरवाही या कोताही सामने आती है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष निर्देश जारी

इस मौके पर सोनीपत की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ज्योत्सना ने बताया कि अस्पताल में आपदा प्रबंधन को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। अतिरिक्त बेड की व्यवस्था कर दी गई है, सभी स्टाफ को विशेष निर्देश जारी कर दिए गए हैं, और इमरजेंसी ड्यूटी भी निर्धारित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान डा. गिन्नी लांबा, डा. संदीप लठवाल, डा. मंजीत राठी, अमित बूरा, नवीन दहिया सहित अन्य अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

## अवैध खनन रोकने को यमुना के रास्ते को किया अवरुद्ध

- 2 लाख 15 हजार रुपए जमा करवाने उपरांत छोड़ा अवैध खनन में पकड़ा ट्रैक्टर ट्राली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में अवैध खनन रोकने के लिए टांडा जगदीशपुर गांव से यमुना नदी क्षेत्र में जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन से खुदाई करवा कर अवरुद्ध कर दिया है। जिससे अवैध खनन करने वाले यमुना नदी से रेत का अवैध खनन न कर सके। एक अन्य मामले में जिला खनन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि अवैध खनन करने के मामले में नवीन पुत्र जगरूप गांव रोहट निवासी से 2 लाख 15 हजार रुपए जुर्माने की राशि सरकारी खजाने में जमा करने के उपरांत उसके ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ा गया। जिला में अवैध खनन को रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक सहयोग करें और अगर कहीं भी अवैध खनन हो रहा है तो उसकी जानकारी दें।



## निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर 8 लाख से ज्यादा की राशि ऐंठी

**सोनीपत।** साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों रुपये की राशि के ऐंठने के आरोप का मामला सामने आया है। गांव माजरी निवासी आशीष ने बताया कि 20 अप्रैल को वाट्सअप पर संदेश आया था। संदेश भेजने वाले ने फ्री में शेयर मार्केट में ट्रेडिंग सिखाने का निमंत्रण दिया गया था।

बाद में टेलीग्राम के एक ग्रुप में जोड़ लिया गया। कुछ दिन ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद निवेश को प्रेरित करने लगे। उसे निवेश करने पर 20 से 30 प्रतिशत तक का मुनाफा कमाया जा सकता है। इसके बाद उसने उनके खातों में रुपये भेज दिए। इसके बाद पांच मई को जब रुपये वापस निकालने लगे तो रुपये नहीं निकाल पाएं। उसने रुपये मांगे तो रुपये देने से इंकार कर दिया गया।

जिसके बाद उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि उसके साथ फर्जी दस्तावेज से खोले गए खातों से ठगी की गई है। साइबर ठगों ने उससे 8,87,366 रुपये की ठगी की गई है।

### मामले की जांच की जारी

जांच अधिकारी एसआई नवदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द साइबर ठगों का पता लगाकर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### सरपंच पर फायरिंग के मामले में केस दर्ज

**गन्नौर।** गांव दुभेटा के सरपंच पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने अज्ञात हत्या प्रयास का केस दर्ज कर लिया है। सरपंच विकास ने शिकायत में बताया कि कार में सवार होकर दुभेटा से सोनीपत सेक्टर-33 स्थित सुपरमैक्स सोसाइटी स्थित अपने घर लौट रहे थे। जब वह कैलाना के पास पहुंचे, तो बाइक पर सवार दो नकाबपोशों ने उनकी कार पर पांच राउंड फायर किए दी। सरपंच ने तुरंत कार साइड में रोक दी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी और नहर के रास्ते सिटावली गांव की ओर फरार हो गए।

### गोवंश की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गन्नौर।** शुक्रवार की सुबह रेलवे स्टेशन के समीप एक गौ वंश ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। गौ रक्षा दल के गौ भक्त लक्की वत्स, तिक सैनी, विशु हुड्डा, अंकुश, गोकुल भारद्वाज ने गौ वंश को जेसीबी मंगवाकर जमीन में दबवाया। लगातार गाय व गौ वंश के चपेट में आने के कारण गौ रक्षा दल के सदस्यों ने रेलवे प्रशासन से ट्रैक के किनारे सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। लक्की वत्स ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास चेतावनी बोर्ड लगाने के साथ, जब तक दिवार नही बनती तक तक ट्रैक के किनारे बाड़ लगानी चाहिए।

### बांध की मिट्टी अवैध रूप से बेचने का आरोप

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में ड्रेन नंबर 6 के साथ लगते बांध की मिट्टी अवैध रूप से बेचे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने नहरी विभाग के एक्सईएन को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण नरेश ने आरोप लगाया है कि गांव के पास से ड्रेन नंबर 6 गुजर रही है। वर्षा के दिनों में ड्रेन टूट कर साथ लगते खेतों को नुकसान न पहुंचाए। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों ने इस मिट्टी को अवैध रूप से बेच दिया।







पृथ्वी पर 60,000 से अधिक ज्ञात वृक्ष प्रजातियां हैं।

अफ्रीका के सूखे मैदानों में पाए जाने वाले मोजावे रेगिस्तान के हॉजक्विन पेड़ को 'चलने वाला पेड़' कहा जाता है।

# कैट परीक्षा पास कर जुड़ सकते हैं कॉर्पोरेट जगत से



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आईआईएम और देश के अन्य सभी अच्छे बी-स्कूल के द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले एमबीए और पीजीपी पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए एक कंप्यूटर आधारित परीक्षा ली जाती है जिसे कैट कहा जाता है। प्रतिवर्ष लाखों छात्र स्नातक पास करते है। इनमें से बहुत से छात्रों का सपना होता है कि वे कॉर्पोरेट जगत के साथ जुड़कर अपना कॅरियर सेट करें और बड़े पदों पर नियुक्त होकर खूब पैसा कमाएं। इस सपने को पूरा करने के लिए मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) एक शानदार विकल्प है।

## लाखों अभ्यार्थी देते परीक्षा

एम.बी.ए. कोर्स कई संस्थानों में उपलब्ध है मगर भारत में आई.आई.एम. की तरफ आयोजित कैट परीक्षा को सबसे अधिक अहम माना जाता है। कैट की परीक्षा में हर साल लाखों अभ्यर्थी हिस्सा लेते है, इसलिए छात्रों के लिए परीक्षा पास करना सरल नहीं होता है। परीक्षा पास करने के लिए छात्रों को निरंतर तैयारी करनी होती है। आईआईएम के अतिरिक्त कुछ ऐसे कॉलेज है जो कैट स्कोर के आधार पर उम्मीदवारों को एडमिशन देते हैं जिनकी सूची इस प्रकार है।

- एस. पी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च
- फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट
- इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी
- जमनालाल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज
- इंटरनेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग

## आवेदन शुल्क



अगर परीक्षा पैटर्न के बारे में बात करें तो प्रश्न पत्र में कुल छात्र सवाल आते हैं और इस प्रश्न पत्र को हल करने के लिए उम्मीदवारों को 2 घंटे का समय दिया जाता है। यदि इसकी वैलिडिटी की बात करें तो कैट स्कोर एक साल के लिए वैध रहता है। यह परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में आयोजित की जाती है। कैट परीक्षा के लिए योग्यता की बात करें तो हिस्सा लेने वाले उम्मीदवार किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम 50% अंक के साथ स्नातक पास होने चाहिए (एससी, एसटी और दिव्यांग के लिए यह 45%) तय किया गया है। जो छात्र ग्रेजुएशन के फाइनल ईयर में है वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अगर इस परीक्षा में निर्धारित किए गए आवेदन शुल्क की बात करें तो सामान्य श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए आवेदन शुल्क दो हजार तय किया गया है वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग विद्यार्थियों को आवेदन शुल्क के रूप में 1,150 रुपये देने होते हैं।

## एग्जाम के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
- आवेदक भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज/यूनिवर्सिटी से किसी भी स्ट्रीम में 50 % अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि आवेदक एससी एसटी पीडब्ल्यूडी श्रेणी से है तो उनके लिए आरक्षण के तहत अंकों में 5% की छूट दी गई है। ऐसे में ये सभी छात्र 45% अंकों के साथ स्नातक पास हो।
- यदि कोई अभ्यर्थी अपने स्नातक के फाइनल ईयर में है तो वह भी कैट परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है।
- यदि अभ्यर्थी विदेशी नागरिक हैं तो वह पीआईओ या एनआरआई श्रेणी के तहत कैट एग्जाम के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- कैट परीक्षा के लिए कोई भी आयु सीमा तय नहीं की गई है यानी कि किसी भी उम्र का व्यक्ति कैट परीक्षा दें सकता है।
- परीक्षा कितनी बार एटेम्पट की जा सकती है इस पर भी कोई बाध्यता नहीं है। कोई भी छात्र जितनी बार चाहे यह परीक्षा दें सकता है।

### परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन

- कैट एग्जाम के रजिस्ट्रेशन के लिए आपको सबसे पहले कैट एग्जाम की वेबसाइट **https://iimcat.ac.in/** पर जाना होगा।
- वेबसाइट पर आने के बाद आपको दिए गए रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करना होगा।
- रजिस्टर के लिंक पर क्लिक करने के बाद आपके सामने आवेदन फॉर्म खुल जाएगा।
- फॉर्म खुल जाने के बाद आपको इसमें सभी जरूरी जानकरियों को दर्ज करना होगा।
- जानकरी सावधानीपूर्वक भरने के बाद आपको सभी आवश्यक दस्तावेजों को अपलोड करना होगा।
- डॉक्यूमेंट अपलोड हो जाने के बाद आपको रजिस्ट्रेशन शुल्क की ऑनलाइन पेमेंट करनी होगी।
- आप फीस का भुगतान नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई आदि के माध्यम से कर पाएंगे।
- फीस का भुगतान करने के बाद आपको फॉर्म का प्रीव्यू कर सबमिट के बटन पर क्लिक करना होगा।
- जैसी ही आप सब्मिट के बटन पर क्लिक करेंगे आपका फॉर्म ऑनलाइन जमा हो जायेगा।
- इस प्रकार आप ऑनलाइन माध्यम से कैट एग्जाम के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते है।

## भारत में सदियों से चली आ रही आभूषण बनाने और डिजाइन करने की कला

# 10वीं के बाद करें ज्वेलरी डिजाइनिंग का कोर्स, कमाई के मिलेंगे बेहतर अवसर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

ज्वेलरी डिजाइनिंग आभूषणों को डिजाइन करने और बनाने की कला है। महिलाओं और पुरुषों द्वारा ज्वेलरी पहनने का प्रचलन मेसोपोटामिया और मिस्र की कम से कम 7,000 साल पुरानी सभ्यता से है। ज्वेलरी डिजाइनिंग के पारंपरिक विधि हाथ से चित्रकारी और ड्राफ्टिंग आज भी आभूषणों को डिजाइन करने में उपयोग में लिए जाते हैं। हालाँकि वर्तमान में ज्वेलरी डिजाइनिंग के तरीके काफ़ी बदल गए हैं। भारतीय ट्रेडिशन में गहनों को पवित्र और कीमती माना जाता है। आभूषण महिलाओं के श्रृंगार का महत्वपूर्ण हिस्सा है, हालाँकि प्राचीन काल में इनका स्वरूप मोती मणियों के आभूषण के रूप में था, जो अब बदल कर सोने-चांदी के आभूषण बन गए हैं। इन आभूषणों को बनाने का तरीका ही ज्वेलरी डिजाइनिंग कहलाता है। 20वीं सदी के दौरान ज्वेलरी

## गहनों को माना जाता है पवित्र और कीमती



### क्यों करें ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स

- ज्वेलरी डिज़ाइन में छात्रों को ज्वैलरी क्रिएशन और डिज़ाइनिंग और ज्वैलरी डिज़ाइनिंग में महत्वपूर्ण सभी पहलुओं का ज्ञान प्राप्त होता है।
- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स में मेटलर्जी, आभूषण डिज़ाइनिंग, डायमंड ग्रेडिंग और सॉर्टिंग, सीएडी , पोर्टफोलियो डेवलपमेंट, जेमोलॉजी, बीडिंग आर्ट आदि विषयों और विषयों के व्यापक क्षेत्र शामिल हैं।



- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स पूरा करने के बाद, किसी ब्रांड या कंपनी में नौकरी करने के बजाय, कोई भी अपना खुद का एक ब्रांड लॉन्च करके उद्यमिता शुरू कर सकता है, जिसमें उनकी खुद की ज्वेलरी डिज़ाइनिंग होगी।
- ज्वेलरी डिज़ाइन कोर्स ज्वेलरी डिज़ाइन उद्योग जैसे उत्पाद विकास, ग्राफिक डिज़ाइन, मार्किट रिसर्च, रचनात्मकता आदि में प्रोफेशनल करियर बनाने के लिए नए कौशल सीखने में मदद करता है।
- ग्लासडोर के एक सर्वे के अनुसार, भारत में करियर के शुरुआती वर्षों में एक ज्वैलरी डिज़ाइनर की औसत कमाई 4-5 लाख प्रति वर्ष है।

## ये करना होगा

### ये स्किल्स चाहिए

- एडोब क्रिएटिव सूट
- ग्राफ़िक डिज़ाइन
- नेकलेस
- इंजीनियरिंग ड्राइंग
- खुदरा बिक्री
- सीएडी
- उत्पादन रूप
- कला शो
- डिज़ाइन प्रक्रिया
- उत्पाद विकास
- राइनो
- रुझान अनुसंधान
- बाजार अनुसंधान
- व्यापार की शो

### ज्वेलरी डिजाइनिंग के विषय

डिजाइन की नींव, डिजाइन के तत्व, कंप्यूटर एडेड डिजाइन, व्यापारिक और विपणन विचार, डिजाइन के लिए उपकरण, डिजाइन के तरीके, डिजिटल प्रतिनिधित्व, गहनों का इतिहास, डिजाइन का विज्ञापन, रत्न विज्ञान और रत्नों की स्थापना।

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के

## स्टेप बाय स्टेप गाइड

**स्टेप 1-** इसके लिए पहला कदम है 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करनी होगी।
**स्टेप 2-** बेहतर ज्वेलरी डिज़ाइनर बनने के लिए आपको डिजाइनिंग को बारीकी से समझना होगा, इसलिए ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए पहले प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण करना होगा। प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय लेवल और राज्य लेवल दोनों स्तर पर कराए जाते हैं।
**स्टेप 3-** प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आपकी रैंक के अनुसार कॉलेज में एडमिशन मिलेगा। एडमिशन पक्का करने के लिए आपको कॉलेज द्वारा काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा।
**स्टेप 4-** डिजाइनिंग को और डिटेल में जानने के लिए आप इसमें मास्टर्स डिग्री भी कर सकते हैं। विदेश में मास्टर्स करने के लिए आपको जीमैट /जीआरई जैसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी।
**स्टेप 5-** ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई पूरी होने के बाद आपको इंटर्नशिप करनी होगी ताकि आप डिजाइनिंग की प्रैक्टिकल नॉलेज प्राप्त कर सकें।

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- नोवा स्कोटिया कॉलेज ऑफ़ आर्ट एंड डिज़ाइन (एनएससीएडी ) यूनिवर्सिटी
- कला विश्वविद्यालय, लंदन
- बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी
- हर्टफोर्डशायर विश्वविद्यालय
- इंग्लैंड के पश्चिम विश्वविद्यालय
- रॉबर्ट गॉर्डन विश्वविद्यालय
- ग्रिफ़िथ विश्वविद्यालय
- एनएससीएडी विश्वविद्यालय
- क्रिएटिव आर्ट्स के लिए विश्वविद्यालय
- अल्स्टर यूनिवर्सिटी
- लासाल कॉलेज

### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आर्क एकेडमी ऑफ डिजाइन, जयपुर
- महात्मा ज्योति राव फूल विश्वविद्यालय, जयपुर
- आरटीएमएनयू नागपुर
- सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन, नागपुर
- जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर
- एएएफटी मीडिया और कला विश्वविद्यालय, रायपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, गुड़गांव
- भारतीय रत्न और आभूषण संस्थान- नई दिल्ली और मुंबई
- जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया- मुंबई
- भारतीय आभूषण संस्थान- मुंबई
- पर्ल एकेडमी ऑफ फैशन- दिल्ली, जयपुर, मुंबई और नोएडा
- वोग इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी- बैंगलोर, डिजाइन कॉलेज

### योग्यता

- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में डिप्लोमा या बैचलर्स कोर्स करना चाहते है तो आपको 10+2 न्यूनतम 50% के साथ उत्तीर्ण करना होगा।
- ज्वेलरी डिजाइनिंग के लिए आपको कुछ प्रवेश परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना होगा।
- यदि आप ज्वेलरी डिजाइनिंग में मास्टर कोर्स करना चाहते हैं तो बैचलर्स डिग्री का होना आवश्यक है। विदेश में पढ़ाई करने के लिए आपको जीमैट/जीआरई परीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त करने होंगे।
- विदेश में ज्वेलरी डिजाइनिंग की पढ़ाई करने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज टेस्ट जैसे-आईईएलटीएस/ टीओईएफएल आदि कोर्स पहले से करके तैयार रखने हैं।

### टॉप जॉब प्रोफाइल

ज्वेलरी डिज़ाइनर, ज्वेलरी मरचेंड़ाइजर, एगजीबीशन मैनेजर, प्रोडक्शन मेनेजर, कास्टिंग मेनेजर, लेक्चरार, राइटर एंड ड्राफ्टर, म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी मैनेजर, फ़ैशन कंसल्टेंट, ज्वेलरी हिस्टोरीयन, ग्रेडिंग एड्वाइजर, रत्न अपरेजर, ज्वेलरी डिजाइन सेल्फ बिजनेस, ज्वेलरी सेंटर।

# हर छात्र को अपने जीवन में ऑपरेशन सिंदूर से लेनी चाहिए जरूरी सीख



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारतीय सेना हमारे देश का गौरव और शक्ति का प्रतीक है। उनके साहस, समर्पण और बलिदान की कहानियां हमें न केवल प्रेरित करती हैं, बल्कि यह भी सिखाती हैं कि देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा क्या होता है। आपने सुना होगा कि "हम सुरक्षित हैं, क्योंकि वे सीमा पर लड़ रहे हैं।" यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि एक ऐसी सच्चाई है, जो हर भारतीय के दिल में गर्व और कृतज्ञता जगाती है। हाल ही में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से यह साबित किया कि कोई भी भारतीय महिला का आंसू व्यर्थ नहीं जाएगा। इस ऑपरेशन का नाम और इसकी भावना उन महिलाओं को समर्पित है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। आइए, इस ऑपरेशन से प्रेरणा लें और समझें कि कैसे हम अपने जीवन में उनके गुणों को अपनाकर देश के लिए गर्व का कारण बन सकते हैं।

## सीमा पर उनकी वीरता, हमारे लिए शांति

जब आप अपने स्कूल में पढ़ रहे होते हैं, दोस्तों के साथ हंसते-खेलते हैं या अपने परिवार के साथ समय बिता रहे होते हैं, उस समय भारतीय सेना के जवान बर्फीली चोटियों, रेगिस्तान की गर्मी या जंगलों की कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा कर रहे होते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने केवल 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया, जिसमें 70 से अधिक आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई इतनी सटीक थी कि किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया, जिससे भारत की संयमित और जिम्मेदार छवि दुनिया के सामने आई। ऑपरेशन सिंदूर हमें सिखाता है कि मुश्किल हालातों में भी धैर्य, अनुशासन और एकजुटता से बड़ी से बड़ी चुनौती को पार किया जा सकता है। जब आप पढ़ाई में किसी जटिल विषय से जूझ रहे हों, किसी असाइनमेंट में असफल हों या अपने सपनों को पूरा करने में रुकावटें आएं, तो भारतीय सेना के जवानों की वीरता को याद करें। उनकी तरह आपको भी हार नहीं माननी है। ऑपरेशन सिंदूर से हमें कुछ महत्वपूर्ण सबक मिलते हैं। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को सावधानीपूर्वक योजना और सटीकता के साथ अंजाम दिया। आप भी अपनी पढ़ाई और लक्ष्यों के लिए एक योजना बनाएं और उसे पूरी मेहनत से लागू करें। टीम वर्क की ताकत: ऑपरेशन सिंदूर में सेना, नौसेना और वायुसेना ने मिलकर काम किया।

## धैर्य और अनुशासन

ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने संयम और अनुशासन के साथ कार्रवाई की। आप भी अपने जीवन में अनुशासन लाएं, समय का पालन करें और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ें।

**छात्र यात्रा में सेना की प्रेरणा :** कई बार स्कूलों में छात्रों को सेना के कैंप या शैक्षिक यात्राओं पर ले जाया जाता है। वहां आपने देखा होगा कि जवान कितने अनुशासित, शांत और आत्मविश्वासी होते हैं। उनकी कहानियां और उनके मिशन, जैसे ऑपरेशन सिंदूर, हमें बताते हैं कि जीवन में कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस ऑपरेशन ने न केवल आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, बल्कि उन परिवारों को न्याय दिलाया, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया। प्रियदर्शिनी सत्पथी, जिनके पति प्रशांत सत्पथी पहलगाम हमले में शहीद हुए, ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर का नाम प्रतीकात्मक है आतंकी हमले ने मासूम महिलाओं के माथे से पवित्र सिंदूर छीन लिया। जब आप अपनी पढ़ाई में मेहनत करते हैं, तो यह सोचें कि आपकी सफलता आपके देश को मजबूत बनाएगी। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक या कुछ और बनें, अगर आप अपने काम को पूरी लगन और ईमानदारी से करेंगे, तो आप भी अपने देश के लिए एक सैनिक की तरह योगदान देंगे।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ऋग्वेद में सबसे पवित्र नदी किसे माना गया है?
(ए) सिन्धु
(बी) सरस्वती
(सी) परुष्णी
(डी) शतुद्रि

**2.** वैदिक समाज की आधारभूत इकाई थी
(ए) कुल / कुटुम्ब
(बी) ग्राम
(सी) विश
(डी) जन

**3.** ऋग्वैदिक काल के उस सबसे प्रधान देवता की पहचान करें, जिसकी स्तुति में 250 सूक्तों की रचना की गयी थी
(ए) इन्द्र
(बी) अग्नि
(सी) वरुण
(डी) सूर्य

**4.** किस वेद में सभा को 'नरिष्ट' अर्थात सामूहिक वाद-विवाद या अनुल्लंघनीय कहा गया है?
(ए) ऋग्वेद
(बी) यजुर्वेद
(सी) सामवेद
(डी) अथर्ववेद

**5.** किस रचना में नारी को सुरा और पांसा के साथ तीन प्रमुख बुराइयों में शामिल किया गया है?
(ए) मैत्रायणी संहिता
(बी) जावाल उपनिषद्
(सी) शतपथ ब्राह्मण
(डी) छांदोग्य उपनिषद्

**6.** उत्तर-वैदिक काल में किस देवता को सर्वोच्च स्थान प्राप्त था?
(ए) प्रजापति
(बी) इन्द्र
(सी) विष्णु
(डी) रुद्र

**7.** संस्कारों की कुल संख्या कितनी है?
(ए) 14
(बी) 15
(सी) 16
(डी) 18

**8.** तीन ऋण में शामिल नहीं है
(ए) देव ऋण
(बी) पितृ ऋण
(सी) ऋषि ऋण
(डी) मातृ ऋण

**9.** ऋग्वैदिक काल से संबंधित मृदभांड संस्कृति है
(ए) गेरुवर्णी मृदभांड (**OCP**) संस्कृति
(बी) चित्रित धूसर मृदभांड (**PGW**) संस्कृति
(सी) **a** और **b** दोनों
(डी) इनमें से कोई नहीं

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(डी) 5.(ए) 6.(ए) 7.(सी) 8.(डी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### हनुमान नाथ महाराज ने प्रारंभ की पंचधुनी तपस्या

**सोनीपत।** बैयांपुर लहराड़ा में शुक्रवार को हनुमान नाथ महाराज ने पंचधुनी तपस्या शुरू की है। इस मौके पर महंत विजय नाथ महाराज ने बताया कि पंचधुनी तपस्या का उद्देश्य संपूर्ण जीव की रक्षा हेतू एवं मानव कल्याण व तरक्की होता है। बाबा ओमनाथ महाराज ने बताया कि गऊ माता को हम अपनी माता कहते हैं, लेकिन उसकी सेवा करने में सक्षम नहीं है। सर्वप्रथम गऊ सेवा करनी चाहिए।

### धर्मांतरण मामले में पुलिस को शिकायत

**गोहाना।** गांव दोदवा की दो महिलाओं द्वारा गांव खानपुर कलां में एक युवक के धर्मांतरण का प्रयास किया गया। युवक ने इसकी शिकायत पुलिस को की है। इस मामले में महिलाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। गांव खानपुर कलां निवासी अमित ने धर्मांतरण मामले में पुलिस को शिकायत की है।

### एक वर्ष का वेतन भारतीय सेवा को समर्पित किया

**सोनीपत।** भारत आतंकवाद के खिलाफ जिस प्रकार से संघर्ष कर रहा है, उसे देखते जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने जिला परिषद से प्राप्त होने वाले अपने एक वर्ष के वेतन को 'भारतीय सेवा' को समर्पित करने की घोषणा की है। संजय ने कहा देश की रक्षा में सैनिकों की निःस्वार्थ सेवा और समर्पण को देखते हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भी किसी न किसी रूप में योगदान दें।

### हादसे का शिकार व्यक्ति और महिला की पहचान

**गन्नौर।** जीटी रोड पर गढ़ी कलां के पास रात को हादसे का शिकार हुए व्यक्ति व महिला के शवों की पहचान हो गई है। शव मार्बल मिस्त्री व उनके साथ काम कराने वाली महिला मजदूर का था। हादसे में महिला का बेटा भी घायल है। घायल को रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। मार्बल मिस्त्री साथ करने वाली महिला मजदूर और उनके बेटे संग पानीपत के गांव चुलकाना स्थित खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने आए थे। रात को दिल्ली लौटते समय हादसे का शिकार हो गए थे।

### मिशन बुनियाद : पांच ने परीक्षा उतीर्ण की

**गोहाना।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। गढ़ी सराय नामदार खां गांव स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पांच मेधावी लक्ष्मी, मीनाक्षी, प्रवेश, नैतिक और ऑरव ने यह परीक्षा उतीर्ण की। पांचों विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षकों ने सम्मानित करके उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### गुरु-शिष्यों ने महाराणा प्रताप को दी श्रद्धांजलि

**गोहाना।** गीता विद्या मंदिर गोहाना में शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनाई गई। समारोह में गुरु और शिष्यों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। प्राचार्य ने कहा कि महाराणा प्रताप एक वीर योद्धा थे। महाराणा प्रताप का कद 7 फीट 5 इंच लंबा था व वजन 110 किलो था। वे 81 किलो का भारी भरकम भाला व छाती पर 72 किलो का कवच साथ लेकर युद्ध लड़ते थे।

### योग सर्वांगीण विकास की सीढ़ी : लक्ष्मीनारायण

**सोनीपत।** लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत मिशन के तहत शुक्रवार को सोनीपत के सेक्टर 11 में स्थित गेटवे स्कूल में चल रहे एनसीसी कैडेट्स के कैम्प में लक्ष्य स्वस्थ सोनीपत समिति द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। समिति के प्रधान व सूर्यनमस्कार के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर लक्ष्मीनारायण ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि योग सर्वांगीण विकास की सीढ़ी है।

### हड़ताल में हिस्सा लेंगे बिजली कर्मचारी

**गोहाना।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की गोहाना सिटी सब डिवीजन इकाई द्वारा शुक्रवार को बरोदा रोड स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बिजली कर्मियों ने 20 मई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लेने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के नेता जितेंद्र शर्मा ने की थी।

## जिलेभर के स्कूलो में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# जीवन में मां की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण : दया दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

मातृ दिवस पर प्रताप स्कूल खरखौदा में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने अपनी माताओं के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाट्य मंचन शामिल थे। विद्यालय प्राचार्या दया दहिया ने अपने संबोधन में माताओं की भूमिका को जीवन में सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उनके योगदान को सराहा। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने बताया कि शिक्षा और खेल के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियां भी जरूरी होती हैं, इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। व खांडा रोड स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय प्राचार्या उषा वत्स, प्राथमिक प्रभारी रीतु, समस्त अध्यापक व विद्यार्थी शामिल थे। मंच का संचालन अध्यापिका मोनिका व अध्यापिका विनीता शर्मा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के लिए शुभकामना संदेश लिखकर कार्ड, फूल, चॉकलेट बैग और फूलों के गुलदस्ते तैयार किए साथ ही माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए नृत्य प्रस्तुत किया व सुंदर कविताएं भी सुनाईं।



खरखौदा। मनमोहक प्रस्तुति देते प्रताप स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। प्रभावशाली प्रस्तुति देते कल्पना विद्यापीठ की छात्राएं। फोटो :हरिभूमि



खरखौदा। मुख्य अतिथि को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

### पंद्रह महिलाएं सम्मानित, पूजा बनी बेस्ट मदर्स

**खरखौदा।** राम चौक खरखौदा में स्थित स्वतंत्र मिडिल स्कूल में 15 महिलाओं- सीमा, पूजा, रजनी, सुरक्षा, सविता, चंचल, पूजा, नीतू, दुर्गा, बबीता, संगीता व वर्षा को सम्मानित किया गया। पूजा को बेस्ट मदर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्राइमरी हेड सोनिया मैडम व मैडम कंचन द्वारा सभी बेस्ट मदर्स को गिफ्ट से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खरखौदा हलका विधायक पवन खरखौदा की धर्मपत्नी मीनाक्षी रही।

### द स्टैनफोर्ड स्कूल में अंतरराष्ट्रीय मदर्स-डे मनाया



**खरखौदा।** अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के अवसर पर द स्टैनफोर्ड स्कूल, थाना खुर्द में एक मां की महानता एवं दयालुता का जश्न मनाने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने कहा गया है कि चूंकि भगवान हर जगह मौजूद नहीं हो सकते, इसलिए उन्होंने मां को बनाया।

### मां एक शब्द ही नहीं, संपूर्ण भावना भी : अनीश



**खरखौदा।** हेरिटेज वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के बीआरडी और एसडी कैंपस में मदर्स डे पर भव्य और भावनात्मक समारोह का आयोजन किया गया। इस खास दिन को माताओं को समर्पित करते हुए स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के साथ मिलकर मातृत्व के अद्वितीय प्रेम और त्याग का सम्मान किया। मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल के चेयरमैन अनीश कुमार दहिया ने कहा, मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि एक संपूर्ण भावना है जो जीवन के हर मोड़ पर हमारा मार्गदर्शन करती है। स्कूल की प्रिंसिपल सुमित राणा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों और अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव और गहराता है।



गन्नौर। अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

# गन्नौर: कार्यों में और तेज गति लाने के आदेश दिए

■ कृषि मंत्री राणा ने अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हरियाणा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने शुक्रवार को जीटी रोड स्थित हरियाणा अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का दौरा किया। मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंडी में पहुंचते हुए बागवानी विभाग व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मंडी में चल रहे निर्माण कार्यों से अवगत करवाया। बागवानी विभाग के एक्सईएन सुभाष सिंह ने मंत्री श्याम सिंह राणा को निर्माण कार्य का माडल दिखा कर उन्हें प्रेजेंटेशन भी दी। उन्होंने बताया कि शेड, रोड, दुकानें, आफिसर्ज कालोनी, किसान विश्राम गृह, फायर स्टेशन, पुलिस पोस्ट, कैब सर्विस के लिए टैक्सी स्टैंड, सौर ऊर्जा प्लांट, पानी आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति आदि की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद मंत्री ने मंडी में रोड निर्माण, सीवरेज, बिजली, पेयजल व्यवस्था, कामन शेड, हार्टीकल्चर इंस्टीट्यूट, कोल्ड स्टोरेज, किसानों के लिए तैयार किए जा रहे प्लेटफार्म का भी निरीक्षण करते हुए कार्यों में और तेज गति लाने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि मंडी में कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कुछ जगहों पर कुछ परेशानियां है जिसे हल कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक साल बाद मंडी का काम पूरा हो जाएगा और प्रथम चरण के तहत मंडी शुरू हो जाएगी। जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि मंडी की जमीन पर अवैध रूप से रह रहे लोगों के पुनर्वास के लिए आवासीय कालानी में प्लाट के लिए ड्रा हो चुका है। जिसमें सभी लोग 10 प्रतिशत राशि जमा करवा चुके थे, लेकिन बाद में वह अदालत में चले गए थे।

### मां हमारे जीवन में सबसे अनमोल: दहिया

**खरखौदा।** दिल्ली मार्ग पर स्थित जेबीएच सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स डे धूम-धाम से मनाया। जिसकी शुरुआत स्कूल प्राचार्या सुमन दहिया द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि मां हमारे जीवन में सबसे अनमोल होती है। इसीलिए मां को न केवल भगवान का दर्जा दिया गया है बल्कि उसके पैरों के नीचे जन्नत बतायी गई है। वैसे तो मां के लिए सभी दिन है, लेकिन मदर्स डे एक ऐसा दिन है जब हम अपनी मां को दिल से धन्यवाद देते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि मां के लिए हमारा प्यार और सामान सिर्फ एक दिन के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि हर दिन के लिए होना चाहिए।




खरखौदा। कार्यक्रम के प्रस्तोता जेबीएच स्कूल के बच्चे व प्राचार्या।




गायत्री विद्यापीठ में मातृ दिवस पर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए।

### जननी व जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर : कौशिक

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ में मातृ दिवस को भारत माता को समर्पित करते हुए भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पण किया गया। प्राचार्य शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती हैं। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र कौशिक ने मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

### भारती सुपर मां और दिशा बनी डैपर मां

**गोहाना।** गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में माताओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई।मातृ दिवस समारोह के लिए मार्गदर्शन स्कूल के एमडी पंकज जाले और चेयरपर्सन उमा जाले का रहा। अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। संयोजन किड्स कॉसल प्रभारी नेहा जाले का रहा। मुख्य अतिथि के रुप में ग्लोबल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की माताओं संगीता, सुमन व परविंदर कौर को आमंत्रित किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर भारती को सुपर मां, दिशा को डैपर मां, बबीता को डायनमिक मां और प्रियंका को मॉडेस्ट मां के सम्मान से सम्मानित किया गया।

### दो दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

**खरखौदा।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज में प्राचार्य डॉक्टर तराना नेगी के मार्गदर्शन में उच्चतर शिक्षा विभाग के सौजन्य व मेधा फाउंडेशन के सहयोग से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति द्वारा द्वारा दो दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन समिति प्रभारी सहायक प्राध्यापक विनोद मलिक द्वारा कराया गया। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 8 व 9 मई को आयोजित किया गया। मेधा फाउंडेशन से पंकज सिंह कोहली, डॉक्टर शब्दा बिरफनी बेदी और सजल मिश्रा द्वारा विशेषज्ञ तथा संसाधन व्यक्ति के रूप में सेवाएं प्रेषित की। प्रोग्राम में आज के बदलते संदर्भ में विद्यार्थियों की अपेक्षाएं, शिक्षा के साथ उन्हें विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की भावी संभावनाएं, आज के समय में शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यआदि विषयों पर प्राध्यापक वृंद से विचार साझा किए।




मातृ दिवस के अवसर पर गायत्री विद्यापीठ के छात्रों के साथ स्टाफ।

### नवज्योति शिक्षा सदन में मातृ दिवस मनाया

**गन्नौर।** खुबडू भांवर रोड स्थित नवज्योति शिक्षा सदन में मातृ दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने माताओं के त्याग और समर्पण पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को कृतज्ञ रहने का संदेश दिया। छात्रों ने कविताएं, नाट्य प्रस्तुतियां और गीतों के माध्यम से मातृ प्रेम का सुंदर प्रदर्शन किया।



कार्यक्रम में पहुंचें यादविन्दर सिंह संधू को सम्मानित करते ललित पंवार व अन्य।

### रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**सोनीपत।** भगत सिंह से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य अतिथि यादविन्दर सिंह संधू (अध्यक्ष शहीद भगत सिंह ब्रिगेड व सुपौत्र शहीद ए आज़म भगत सिंह) रहे। उनके साथ ब्राइट स्कॉलर स्कूल के वाईस चेयरमैन ललित पंवार, डीएसपी प्रदीप खत्री, हरियाणवी कलाकार सुभाष फौजी, स्कूल प्राचार्या डॉ. किरण दलाल एवं ब्रिगेड के सभी सदस्य उपस्थित रहे। समारोह में उन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने गत वर्ष भगत सिंह के ऐतिहासिक चित्र निर्माण में योगदान दिया और रक्तदान कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। कार्यक्रम के दौरान यादविन्दर सिंह सिंधु ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर देते शहीद भगत सिंह केजीवन से जुड़ी अनमोल जानकारियां सांझा की।

# मानवता की सेवा करना ही हम सब का नैतिक दायित्व : महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में सोनीपत मार्ग स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रेडक्रॉस संगठन की मूल भावना से अवगत करवाया गया। अध्यक्षता प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने की। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि मानवता की सेवा करना ही हम सब का नैतिक दायित्व है। एक दूसरे के प्रति प्रेम व सहयोग की भावना से ही मजबूत समाज का निर्माण होता है। रेडक्रॉस एक ऐसा संगठन है जो दुनियाभर में जरूरतमंद लोगों की मदद करता है। रेडक्रॉस स्वयंसेवक समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए पूरे विश्व में जाने जाते हैं। कार्यक्रम में कक्षा 12वीं की छात्रा तन्नु ने रेडक्रॉस दिवस पर भाषण दिया। कक्षा 9वीं के विद्यार्थी गीतिका, दीक्षु, अश्मि, परिशा, हिमांशु, विधि, दक्ष, देव और कार्तिक ने प्राथमिक चिकित्सा का महत्व समझाया। मंच संचालन प्रीति राणा और ऋतु सांगवान ने किया। सादमा खान, रितिक व गीता मलिक मौजूद रहे।




गोहाना। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते शेर सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।



गोहाना। प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**गोहाना।** जवाहरलाल नेहरु वमावि गोहाना में शुक्रवार को मातृ दिवस के उपलक्ष्य में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में विजेताओं को स्कूल के एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने सम्मानित किया। मातृ दिवस पर कनिष्ठ और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग, कार्ड मेकिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं में कक्षा तीसरी से सीरत, अयान और नैंसी, कक्षा चौथी से समर्थ, ललित और तृप्ति, कक्षा पांचवीं से भूमिका, वंशिका और ईशिका विजेता रही। छठी कक्षा से आकांक्षी और माही, कक्षा 7वीं से सोनाक्षी और अक्षिता, कक्षा 8वीं से हर्षित और शिवानी, कक्षा 9वीं से साहिल और अस्मिता, कक्षा 10वीं से अनुज और छवि, कक्षा 11वीं से कशिश, खुशबू और सपना जबकि कक्षा 12वीं से नितिन और प्रिय विजेता रहे।



सोनीपत। कार्यशाला में प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि

### विकसित राष्ट्र की शपथ ली

**सोनीपत।** प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। तरुण कुमार, संयुक्त सचिव और सीबीएसई पंचकूला क्षेत्र के उत्कृष्टता केंद्र के प्रमुख, विपिन कुमार भार्गव, उप निदेशक, आईएसटीएम नई दिल्ली और इंद्रजीत कुमार मित्तल (मास्टर ट्रेनर- डीओपी भारत सरकार) उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य 15000 रिसोर्स पर्सन्स को ट्रेनिंग देना है ताकि वो सही औरप्रभावी ढंग से नई एजुकेशन पालिसी का कार्यान्वन कर सके। स्कूल प्रिंसिपल डॉ. किरण दलाल ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यशाला के पहले दिन व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए मंच तैयार किया। दिन की शुरुआत शपथ ग्रह के साथ हुई जिसमे सभी प्रशिक्षकों ने विकसित राष्ट्र के लिए अपना योगदान देने की शपथ ली।

**देशसेवा का जज्बा** — ऑपरेशन सिंदूर में वॉलंटियर बनकर वे सेवा व सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार

# हमें भी भारत माता की सेवा करने का अवसर मिलना चाहिए: विद्यार्थी

पूरा पूर्ण मूर्ति कैंपस सरकार व सेना के साथ मजबूती के साथ खड़ा: नैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात को देखते हुए पूर्ण मूर्ति कैंपस, कामी रोड के विद्यार्थियों ने कहा कि हमें भी भारत माता की सेवा करने का अवसर मिलना चाहिए। खास तौर पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग व एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में वॉलंटियर बनकर वे देश की सेवा व सुरक्षा में योगदान देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनकी पढ़ाई व ट्रेनिंग का उपयोग देश सेवा के लिए हो व वे भारतीय सेना का किसी तरह से सहयोग कर सकें इससे बेहतर उनके जीवन में कुछ भी नहीं हो सकता। एसोसिएशन ऑफ आल हरियाणा इंजीनियरिंग कॉलेज के राज्य प्रधान व पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि पूरा पूर्ण मूर्ति कैंपस सरकार व सेना के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। उन्होंने सरकार से अनुरोध भी किया कि तकनीकी शिक्षा हासिल कर रहे इन विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर में वॉलंटियर बनाकर भारतीय सेना के साथ देश की सेवा करने का मौका प्रदान करें। डॉ. विजयपाल नैन ने कहा कि हमारी सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को उनके आतंकी ठिकानों पर मारकर पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए सभी लोगों की शहादत का बदला लेने का काम किया है। पूर्ण मूर्ति कैंपस के सचिव गौतम , कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल , एमडी इंजी. संदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, डायरेक्टर ट्रेनिंग नवदीप , कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, लॉ कॉलेज के डायरेक्टर डा. टीसी राणा आदि मौजूद रहे।



पूर्ण मूर्ति कैंपस में पढ़ने वाले एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग व एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थी व विभागीय स्टाफ चेयरमैन डा. विजयपाल के साथ।

## खबर संक्षेप

### गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

**गोहाना।** गांव चिड़ाना निवासी मास्टर राजेश लठवाल का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। शहीद-ए आजम भगत सिंह के पौत्र और शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह संधू ने उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उनको यह सम्मान सोनीपत स्थित ब्राइट स्कॉलर स्कूल में आयोजित शहीद भगत सिंह से दोस्ती कार्यक्रम में दिया गया। मास्टर राजेश लठवाल शहीद भगत सिंह ब्रिगेड के गोहाना अध्यक्ष हैं। वह गांव गंगाना के सरकारी स्कूल में अध्यापक हैं और पिछले छह वर्षों से बस-स्टैंड, गोहाना में दैनिक लंगर रोटी व कपड़ा बैंक का संचालन कर रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी ललित पंवार, पुलिस अधीक्षक प्रदीप खत्री, गायक सुभाष फौजी, इरशाद कुरैशी, जीतू पहलवान जागसी, विजय देशवाल, यशपाल आर्य, नीरज देशवाल, सिकन्दर मोहाना, आनन्द फौगाट, पवन फौगाट, स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### बिजनेस प्लान कंपीटिशन में मिला सांत्वना पुरस्कार



विजेताओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

**सोनीपत।** पानीपत स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी के बिज-फियेस्टा में हुए बिजनेस प्लान कंपीटिशन में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की टीम को सांत्वना पुरस्कार से सुशोभित किया गया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन पर छात्राओं को बधाई दी। जीवीएम की स्टार्टअप संयोजक प्राध्यापिका रूचिका विरमानी ने बताया कि बिज-फियेस्टा में कुल 46 टीमों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बिजनेस प्लान कंपीटिशन का आयोजन किया गया, जिसमें जीवीएम की टीम ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। जीवीएम की टीम में अनुराधा, खुशी तथा अलंकृता और अनुष्का शामिल रही।

# मार्किटिंग सोसायटी डायरेक्टर ने किसानों की शिकायत पर पहुंचकर दो ट्राली खाद धांधली की अफसरों को दी शिकायत

**डायरेक्टर जयदीप मलिक ने लगाया खाद की ब्लैक मैलिंग करने का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नई अनाज मंडी स्थित दी गन्नौर कापरेटिव मार्किटिंग सोसायटी द्वारा युरिया खाद की ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए किसानों की शिकायत पर पहुंचे दी गन्नौर कापरेटिव मार्किटिंग सोसायटी के डायरेक्टर ने संबधित विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाते हुए कार्रवाई की मांग की। डायरेक्टर जयदीप मलिक का आरोप है कि सोसायटी में पड़े यूरिया खाद के कट्टों के स्टाक व सेल की



सोसाइटी के निदेशक जयदीप मलिक।

जांच हो तो घो टा ला उजागर हो सकता है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उनके पास किसानों ने सूचना दी कि एक ही आदमी को 16-16 कट्टे दिए जा रहे है। इसके अलावा एक ही आदमी की पिछल्ले दरवाजे पूरी ट्राली कट्टों की 216 कट्टे



**गन्नौर।** सोसायटी के पिछल्ले गेट के पीछे खड़ी कट्टों से भरी ट्राली व दुकान पर उतारते हुए मजदूर कट्टे। *फोटो : हरिभूमि*

जो माहरा में एक किसान को दे दी। इसके अलावा अनाज मंडी में ही बीज भंडार की दुकान पर सैकड़ों कट्टे सोसायटी के पिछल्ले दरवाजे से ट्राली में भरकर उसकी दुकान पर उतारे जा रहे थे। डायरेक्टर जयदीप ने अधिकारियों को अवगत करवाया कि सोसायटी में आकर उन्होंने खाद वितरण कर रहे कर्मचारी से बात की तो उन्होंने गलत व्यवहार करते हुए कहा कि उनका जन प्रतिनिधि तो कुछ बिगाड़ नहीं पाए, खाद वितरण करने का उनका काम है, अपने हिसाब से करेंगे।

डायेक्टर मलिक ने कहा कि वे संबधित विभाग के मुख्यालय में भी खाद की धांधली की शिकायत करेंगे।

#### उन्हें शिकायत मिली

खंड कृषि अधिकारी आन्नद श्योराण ने बताया कि सोसायटी के निदेशक ने उन्हें भी खाद की धांधली की शिकायत दी है। एक ही किसान की ट्राली भरना और दूसरों को न मिलना गलत है। उनके विभाग के दूसरे अधिकारी है, वे उन्हें भी अवगत करवाएं।

#### 7 को दिए खाद के कट्टे

सोसायटी के मैनेजर प्रवीन राणा ने बताया कि जो खाद की ट्राली भरी है वह माहरा गांव के सात किसानों को खाद दी है। किसान कही का भी खाद ले जा सकता है, अगर यहां के किसान मना करेंगे तो हम नही देंगे। वे कल आकर पूरे मामले की पूरी जांच करेंगे कि पूरा मामला क्या था।

## रोडवेज की तीन लॉरी कटरा जाती थी, विभाग ने सुरक्षा को लेकर उठाया कदम

# भारत-पाक तनाव का असर : कटरा नहीं जा पा रही रोडवेज बस, जांलधर तक सेवा

**सोनीपत से कटरा रूट पर प्रति बस रोडवेज विभाग की 70 से 80 हजार रुपए की टिकट बिक्री होती थी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव का असर रोडवेज विभाग की सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। सोनीपत से कटरा रूट को रोडवेज विभाग द्वारा जालंधर तक सीमित कर दिया है। इससे आगे बसों को सुरक्षा कारणों के चलते नहीं भेजा गया। ऐसे में कटरा जाने वाले यात्रियों को हल्की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

बता दें कि भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले तीन दिनों से तनाव चरम पर है। जम्मू-कश्मीर सहित भारतीय सीमाओं के साथ लगते राज्यों में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जा रही है। हालांकि सोनीपत-कटरा रूट पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से ही



प्रभावित होना शुरू हो गया था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले से पहले सोनीपत से कटरा रूट पर प्रति बस रोडवेज विभाग की 70 से 80 हजार रुपए की टिकट बिक्री होती थी, लेकिन उसके बाद टिकटों की बिक्री में जबरदस्त कमी आई और यह 40 से 45 हजार रुपए प्रति बस तक ही सीमित रह गई थी। वहीं अब जालंधर से आगे सोनीपत से कटरा रूट की बसों को नहीं भेजने का फैसला रोडवेज विभाग द्वारा किया गया है।

**दिल्ली रूट पर ज्यादा भीड़:** वहीं सोनीपत से चंडीगढ़ सहित पंजाब की तरफ जाने वाले विभिन्न रूट दोपहर तक आम दिनों की तरह ही संचालित किए गए। सोनीपत से दिल्ली रूट पर सबसे अधिक यात्रियों की भीड़ रही। यात्रियों ने रोडवेज विभाग से मांग की है कि दिल्ली रूट पर बसों की संख्या को बढ़ाया जाए।

#### सुरक्षा कारणों के मद्देनजर लिया फैसला

विभाग की तरफ से मिले निर्देशों की पालना की जा रही है। सुरक्षा कारणों के मद्देनजर बसों को जालंधर तक ही सीमित किया गया है। यात्रियों को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। परिस्थितियां सामान्य होते ही सीधे कटरा तक बस सेवा शुरू की जाएगी।
**सुरेन्द्र, एसएस, सोनीपत बस डिपो।**



मारुति संयंत्र में सुरक्षा प्रबंधों को परखते एसडीएम व अन्य अधिकारी

### उपमंडल प्रशासन अलर्ट मोड में

**खरखौदा।** देश में बनते युद्ध जैसे हालातों को देखते हुए उपमंडल प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है। शुक्रवार को एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने अधिकारियों के साथ बैठक कर आईएमटी स्थित मारुति प्लांट का दौरा किया और वहां सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। एसडीएम ने बताया कि उपमंडल स्तर पर युद्ध जैसी किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। बीडीपीओ आस्था गर्ग को गांवों में सायरन लगाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं तहसीलदार मनोज कुमार व बीडीपीओ को ऐसे भवनों को चिन्हित करने को कहा गया है जिन्हें शेल्टर के तौर पर इस्तेमाल किया जा सके। मारुति प्लांट में हुई बैठक में कर्मचारियों की सुरक्षा, ब्लैक आउट व्यवस्था और इमरजेंसी सेवाओं पर विशेष जोर दिया गया। प्लांट में एक दमकल गाड़ी, दो एंबुलेंस, एक मेडिकल टीम और 150 वालिंटियर तैनात किए गए हैं। साथ ही शेल्टर कैंटीन भी तैयार की गई है। रात के समय लाइटें बंद रखने और ब्लैक आउट के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान तहसीलदार मनोज कुमार, सैदपुर चौकी पुलिस, मारुति प्लांट हेड विक्रम सरीन, पूर्व कर्नल राजबीर, पूर्व कैप्टन हेमंत ठाकुर और नरेंद्र दूहन भी मौजूद रहे।



**गोहाना।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ।

## बच्चे के प्रति माता-पिता का प्रेम होता है निःस्वार्थः विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव मदीना में गोहाना-महम मार्ग स्थित डीबीएम पब्लिक विद्यालय में गुरुवार को मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

समारोह में विद्यालय के विद्यार्थी रेहान, रिया, अभिनिती, अनितेज, नव्या, रोहित, भावी अश्मि, जानवी, सागर, निक्की, रिधि, विपुल, सावी और अनवी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से माताओं को नमन किया। समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के एमडी विकास मलिक ने कहा कि जीवन में माता-पिता से बढ़कर कोई दूसरा शुभचिंतक नहीं है। माता-पिता का प्रेम अपने बच्चे के प्रति निःस्वार्थ होता है। अपने माता-पिता से हमेशा प्यार करें और उनका सम्मान करें। जीवन में कभी उनका कहना न टालें। समारोह की विशिष्ट अतिथि सोनिया मलिक और किरण मलिक थीं। अध्यक्षता प्राचार्या पूजा राणा ने की।

कार्यक्रम में शिक्षक जतिन, मधु जमदग्नि, खुशबू हुड्डा, पवन, गीता राठौर, सुनीता नरवाल, प्रीती मालिक, रचना रोहिल्ला, सुदेश मालिक व प्रवीन कुकरेजा आदि मौजूद रहे।

#### फायर ब्रिगेड गाड़ी से पेड़ों में लगी आग को बुझाया

**गोहाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ खेतों में आगजनी की घटनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गोहाना-रोहतक बाइपास के समीप पेड़ों में आग लगी मिली जिसे फायर बिग्रेड की गाड़ी बुलवाकर बुझाया गया। आग बुझाने में पुलिस कर्मियों का भी विशेष सहयोग रहा। गेहूं की फसल की कटाई करने के बाद कुछ किसान अवशेषों में आग लगा देते हैं। कई बार आग खेतों से सडकों के किनारे खड़े पेड़ों तक पहुंच जाती है और पेड़ आग की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में हादसा होने का खतरा रहता है। एसडीओ ने कहा कि फसल अवशेष जलाना पर्यावरण और भूमि दोनों के लिए हानिकारक है। किसान फसल अवशेषों में आग न लगाएं। इस अवसर पर सुपरवाइजर अंजु, फील्डमैन लोकेश और अटेंडेंट आशीष मौजूद रहे।

## देश की एकता व सुरक्षा के समर्थन में अधिवक्ताओं ने मनाया नो वर्क डे

■ वकीलों ने न्यायिक कार्यों में भाग नहीं लिया : अनिल ढुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीमा पर उत्पन्न आपात स्थिति को देखते हुए बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को 'नो वर्क डे' मनाया। अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर देश की अखंडता, एकता और सेना के सम्मान में न्यायिक कार्य नहीं किए। बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा के निर्देशानुसार नो वर्क डे रखा गया।

सोनीपत बार एसोसिएशन प्रधान अनिल ढुल ने बताया कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे समय में हर नागरिक का फर्ज है कि वह अपने-अपने स्तर पर एकजुटता का परिचय दे। अधिवक्ताओं ने कहा कि देश के जवान सरहद पर डटे हुए हैं, तो हम भी अपने स्तर पर उनके साथ खड़े हैं। यही कारण है कि आज का दिन हमने सेना को समर्पित किया है।'नो वर्क डे' के तहत अदालती कार्यवाही पूरी तरह स्थगित रही। वकीलों ने न्यायिक कार्यों में भाग नहीं लिया। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय राष्ट्रहित और सैनिकों के प्रति एकजुटता के प्रतीक स्वरूप लिया गया है।

## राजकीय स्कूल दातौली में एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संगोष्ठी

**मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव दातौली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा रहे। जबकि मुख्य वक्ता नरेंद्र भारतीय थे। विशिष्ट अतिथि शेलेंदर तोमर भी उपस्थित रहे। नरेंद्र भारतीय ने एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे आर्थिक मजबूती और समय की बचत होगी। उन्होंने लोगों



संगोष्ठी के मुख्यवक्ता नरेंद्र भारतीय का स्वागत करते प्राचार्य विवेक शर्मा।

में इस विचार के प्रति जन भावना जागृत करने का आह्वान किया। नेहरा ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने से वोट प्रतिशत में वृद्धि और प्रशासनिक तंत्र का सही उपयोग होगा। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि लोकेश गोस्वामी, प्राचार्य विवेक शर्मा, मंडल अध्यक्ष गौरव कामरा आदि मौजूद रहे।

#### हॉस्टल सुपरवाइजर की नियुक्ति में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप

**सोनीपत।** दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और तकनीकी विश्वविद्यालय, मुरथल के बॉयज हॉस्टल नं. 1 में मैस सुपरवाइजर की नियुक्ति को लेकर अनियमितताओं और भाई-भतीजावाद के आरोप सामने आए हैं। विश्वविद्यालय के मैस कर्मचारियों ने कुलपति को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें हॉस्टल सुपरवाइजर पर अपने भतीजे को अनुचित तरीके से मैस सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त करवाने का आरोप लगाया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के सिद्धांतों के विपरीत है, क्योंकि विश्वविद्यालय में मैस सुपरवाइजर की नियुक्ति हमेशा वरिष्ठता, अनुभव और सेवा के आधार पर की जाती रही है। आरोप है कि इस नियुक्ति में हॉस्टल प्रशासन की मिलीभगत भी शामिल हो सकती है। शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता व मैस कर्मचारियों को धमकाने और उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। कर्मचारियों ने कुलपति से निष्पक्ष जांच, हॉस्टल प्रशासन की भूमिका की जांच, अनियमितताओं को रोकने और नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी व वरिष्ठता आधारित बनाने की मांग की है।

## अखाड़ा संचालक हत्याकांड में दो गिरफ्तार

■ पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, पांच दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत पुलिस टीम ने अखाड़ा संचालक की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रविंद्र उर्फ रवि व सुरजीत निवासी दोनों सोहटी के है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

गांव सोहटी निवासी चांद सिंह गत 26 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनके भतीजे राकेश राणा हॉल में रोहतक की ओमेक्स सिटी में रहते थे और सोहटी धाम स्थित अखाड़ा के संचालक थे। वह गोहाना के गांव बनवासा में स्कूल व अकादमी भी चलाते थे। राकेश राणा बुधवार को



गिरफ्तार आरोपित पुलिस टीम के साथ।

गांव कुंडल में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित कुश्ती दंगल में बेटे अमृत व अन्य पहलवानों के साथ गए थे। उनके बेटे अमृत भी पहलवान है। बुधवार शाम दंगल में एक हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी। इसी दौरान गांव का मनोज व उसका भांजा साहिल बाइक पर सवार होकर दंगल में पहुंचे। बेटे की कुश्ती देखने के बाद वह उठकर चलने लगे तो उन पर गोलियां चला दी। इस दौरान दो गोली उनके पेट में व एक चेहरे पर मुंह के पास लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गए। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर भीड़ के बीच हथियार लहराते हुए भाग निकले। राकेश राणा को खरखौदा के निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद खरखौदा थाना पुलिस ने गांव कुंडल में घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

चाचा चांद का आरोप था कि हमलावरों के साथ उनका जमीन को लेकर विवाद है। जिसमें छह माह पहले झगड़ा हुआ था। जिसमें उन्होंने मुकदमा दर्ज कराया था। उस मामले में भतीजा राकेश उनकी पैरवी कर था। इसी को लेकर ही रंजिश बनी हुई है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### जारी रहा अभियान, एजेंसी पर 40 हजार का जुर्माना



**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन द्वारा नालों की सफाई का चैकिंग अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा, लाइन से इधर जोन एक में नालों की सफाई शुरू ना होने पर सफाई ठेकेदारों पर नाराजगी प्रकट की। नालों की सफाई शेड्यूल के अनुसार ना करने पर सफाई एजेंसी आईएनडी पर 40 हजार का जुर्माना भी किया गया है। राजीव जैन शुक्रवार को सुबह सेक्टर 12 में सफाई कर्मियों के हाजिरी प्वाइंट पर पंहुचे और मौके पर उपस्थित मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह तथा दरोगा कृष्ण कुमार से आईटीआई चौक से ड्रेन नंबर 6 तथा ओल्ड डीसी रोड पर सिथत नालों की सफाई का हिसाब मांगा तो जवाब मिला कि अभी सफाई शुरू ही नहीं हुई है। राजीव जैन ने कड़ाई से बरसात से पूर्व नालों को साफ करने के आदेश दिए।

## विधायक गहलावत ने समस्या समाधान के दिए अफसरों को निर्देश

# जनता दरबार : राई हलके के लोगों ने उठाई समस्याओं के समाधान की मांग

**सभी कार्य क्वालिटी और समय सीमा में पूरे किए जाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

विधायक कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर हलके के लोगों की समस्या सुनी और अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए।

दरबार में जाट जोशी गांव के लोगों ने गांव में गंदे पानी की निकासी के नाले की सफाई कराने व सेवली गांव में अवैध प्लाटों की जगह को वैद्य करवाने की मांग की, नाहरी गांव के लोगों ने पानी निकासी के समाधान, खेवड़ा गांव के लोगों ने अम्बेडकर कालोनी में 11 हजार वाट के तारों को दूसरी जगह से शिफ्ट करने, बढ़मलिक



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते हुए।

गांव के सरपंच व अन्य लोगों ने दुर्गा कालोनी से रामनगर गली का निर्माण करवाने की मांग की। विधायक ने अधिकारियों को उक्त समस्या के समाधान के आदेश दिए। विधायक गहलावत ने कहा कि राई हलके में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करते हुए विकास के मामले में नंबर-एक विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हलका वासियों के सामने किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि चुनाव के दौरान हमारे द्वारा जारी संकल्प पत्र में कहें तमाम वायदों को पूरा करने के लिए सरकार पहले दिन से ही लगी हुई है। किसी भी कार्य में क्वालिटी व समय सीमा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी कार्य क्वालिटी और समय सीमा में पूरे किए जाएं ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित तमाम मूलभुत सुविधाएं जनता को देने के लिए सरकार का फोक्स है। उन्होंने कहा कि पारदर्शी तरीके से रोजगार देने का काम ये लगातार जारी रहेगा।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मास्टर सतनारायण आंतिल, प्रदीप, बढ़मलिक सरपंच प्रदीप, दीपक मकीमपुर, सिलु मेहंदीपुर, कुलदीप नाहरी, विपिन, सुरेश गढ़ी बाला, प्रताप हलालपुर, नरेन्द्र खेवड़ा आदि मौजूद थे।